संख्या- 2/4551 /9-1-13-372सा/2013

प्रेषक,

अनीता सी मेश्राम
सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
स्थानीय निकाय,
उ.प्र.,लखनऊ।

नगर विकास अनुभाग-1 लखनऊः दिनांक 17 अक्टूबर, 2013

विषयः वेतन समिति 2008 के बारहवें, प्रतिवेदन के माध्यम से जलकल विभाग/जल संस्थानों के कनिष्ठ वर्ग के प्राविधिक पद संवर्ग के लिये की गयी संस्तुतियों पर लिये गये निर्णयों के कार्यान्वयन के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वेतन समिति (2008) की संस्तुतियो के सन्दर्भ में वित्त विभाग के पत्र संख्या-वे.आ.2-306/दस-54(एम)/2008 टी.सी. दिनांक-31मई, 2013 द्वारा लिये गये निर्णय के क्रम में उ.प्र. जलकल विभाग/जल संस्थानों के कनिष्ठ वर्ग के प्राविधिक पदों की श्रेणी के संलग्न तालिका-1 में उल्लिखित पदों के वेतन बैण्ड व ग्रेड वेतन तथा भर्ती की व्यवस्था/भर्ती हेतु न्यूनतम अर्हता को संलग्नक की तालिका-2 के अनुसार तत्काल प्रभाव से इस प्रतिबन्ध के अधीन पुनर्गठित किये जाने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं कि इस पुनर्गठन के फलस्वरूप आने वाले अतिरिक्त व्ययभार को सम्बन्धित निकाय अपने स्रोतों से वहन करेंगे एवं इस हेतु शासन से कोई अतिरिक्त धनराशि की माँग नहीं की जायेगी।

2- उपर्युक्त संवर्गीय पुनर्गठन के फलस्वरूप उच्च ग्रेड वेतन के पदों के सापेक्ष समायोजित होने वाले पदधारकों का वेतन निर्धारण वित्त विभाग के शासनादेश संख्या-वे0आ0-2-841/दस-2009-59(एम)/2008 दिनांक 24 दिसम्बर 2009 में वर्णित व्यवस्था के अनुसार किया जायेगा।

3- उपर्युक्त का समावेश करते हुए संशोधित नियमावली अलग से प्रख्यापित की जायेगी।

4- उपर्युक्त शासनादेश वित्त (वेतन आयोग) अनुभाग-2 के अशासकीय पत्र संख्या-वे0आ0-2-1112/दस-2013 दिनांक- 04 अक्टूबर, 2013 में प्राप्त उनकी सहमति से निर्गत किये जा रहे है।

संलग्नक यथोक्त।

भवदीय,

(अनीता सी मेश्राम)
सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

संख्या-4551(1)/9-1-13 तददिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- महालेखाकार, लेखा (प्रथम), उ0प्र0 इलाहाबाद।
2- मण्डलायुक्त/जिलाधिकारी, लखनऊ, कानपुर, इलाहाबाद, वाराणसी, आगरा, झांसी एवं चित्रकूट।
3- समस्त नगर आयुक्त, नगर निगम, उत्तर प्रदेश।
4- समस्त महाप्रबंधक, जल संस्थान, उत्तर प्रदेश।
5- वित्त (वेतन आयोग) अनुभाग-1/2 को तीन-तीन प्रतियों में।
6-. वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-8
7- कार्मिक अनुभाग-1/2
8- नगर विकास विभाग के समस्त अनुभाग।
9- गार्ड फाईल/कम्प्यूटर सेल।

आज्ञा से,

(श्रीप्रकाश सिंह)
विशेष सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

शासनादेश संख्या- 4551/9-1-13-372सा/2013 दिनांक- 17 अक्टूबर,2013 का संलग्नक।

तलिका-1

वर्तमान ढांचा

क्रम सं0	पदनाम	स्वीकृत पदों की संख्या	वर्तमान में अनुमन्य वेतन बैण्ड एवं ग्रेड वेतन		शासनादेश दिनांक 30 दिसम्बर 1981 एवं दिनांक 10 दिसम्बर 1982 के अनुसार अर्हता	व्यावसायिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 की विवरण पुस्तिका के अनुसार कॉलम-6 में इंगित ट्रेड में प्रमाण-पत्र हेतु निर्धारित अवधि
1	2	3	4	5	6	7
1	इलेक्ट्रीशियन	46	5200-20200	1900	सीधी भर्ती द्वारा। सम्बन्धित ट्रेड में आई0टी0आई0 प्रमाण -पत्र।	1.हाईस्कूल/समकक्ष 2.ट्रेड हेतु निर्धारित अवधि दो वर्ष
2	पम्प चालक	1390	5200-20200	1800	सीधी भर्ती द्वारा। सम्बन्धित ट्रेड में आई0टी0आई0 प्रमाण -पत्र।	1.हाईस्कूल/एवं इलेक्ट्रीशियन/नलकूप मैकेनिक ट्रेड से आई0टी0आई0 प्रमाण-पत्र 2.ट्रेड हेतु निर्धारित अवधि दो वर्ष (पद हेतु प्रकाशित विज्ञापन में इलेक्ट्रिकल ट्रेड का प्रमाण-पत्र मांगा गया)
3	जूनियर फिटर	144	5200-20200	1800	सीधी भर्ती द्वारा। सम्बन्धित ट्रेड में आई0टी0आई0 प्रमाण -पत्र।	1.हाईस्कूल/समकक्ष 2.ट्रेड हेतु निर्धारित अवधि दो वर्ष
4	बढ़ई/लोहार	13	5200-20200	1800	सीधी भर्ती द्वारा। सम्बन्धित ट्रेड में आई0टी0आई0 प्रमाण -पत्र।	1.हाईस्कूल/समकक्ष 2.ट्रेड हेतु निर्धारित अवधि 01 वर्ष
5	टर्नर	18	5200-20200	1800	सीधी भर्ती द्वारा। सम्बन्धित ट्रेड में आई0टी0आई0 प्रमाण -पत्र।	1.हाईस्कूल/समकक्ष 2.ट्रेड हेतु निर्धारित अवधि दो वर्ष
6	मीटर मैकेनिक	40	5200-20200	1900	सीधी भर्ती द्वारा। सम्बन्धित ट्रेड में आई0टी0आई0 प्रमाण -पत्र।	1.हाईस्कूल/समकक्ष 2.ट्रेड हेतु निर्धारित अवधि दो वर्ष

http://shasanadesh.up.nic.in

7	मोल्डर	05	5200-20200	1800	सीधी भर्ती द्वारा। सम्बन्धित ट्रेड में आई0टी0आई0 प्रमाण -पत्र।	1.हाईस्कूल/समकक्ष 2.ट्रेड हेतु निर्धारित अवधि 01 वर्ष
8	फिटर	267	5200-20200	1800	सीधी भर्ती द्वारा। सम्बन्धित ट्रेड में आई0टी0आई0 प्रमाण -पत्र।	1.हाईस्कूल/समकक्ष 2.ट्रेड हेतु निर्धारित अवधि दो वर्ष
9	मेशन/राज मिस्त्री	27	5200-20200	1800	सीधी भर्ती द्वारा। सम्बन्धित ट्रेड में आई0टी0आई0 प्रमाण -पत्र।	1.हाईस्कूल/समकक्ष 2.ट्रेड हेतु निर्धारित अवधि दो वर्ष

(श्रीप्रकाश सिंह)
विशेष सचिव

http://shasanadesh.up.nic.in

शासनादेश संख्या-4551 /9-1-13-372सा/2013 दिनांक- 17 अक्टूबर,2013 का संलग्नक।

तलिका-2

पुनर्गठित ढांचा

क्रम सं0	पदनाम	स्वीकृत पदों की संख्या स्वीकृत पदों की संख्या	वर्तमान में अनुमन्य वेतन बैण्ड एवं ग्रेड वेतन		भर्ती की विधि एवं न्यूनतम अर्हता
1	2	3	4	5	6
1	इलेक्ट्रीशियन	46	5200-20200	1900	सीधी भर्ती द्वारा। अर्हता-1. हाईस्कूल (विज्ञान विषय के साथ)/समकक्ष 2. इलेक्ट्रीशियन ट्रेड में आई0टी0आई0 का दो वर्षीय प्रमाण-पत्र।
2	पम्प चालक	1390	5200-20200	1900	सीधी भर्ती द्वारा। अर्हता-1. हाईस्कूल (विज्ञान विषय के साथ) 2. इलेक्ट्रीशियन/नलकूप मैकेनिक ट्रेड से आई0टी0आई0 का दो वर्षीय प्रमाण-पत्र
3	बढ़ई/लोहार	13	5200-20200	1900	सीधी भर्ती द्वारा। अर्हता-1. हाईस्कूल/समकक्ष 2. कारपेन्टर ट्रेड में आई0टी0आई0 का एक वर्षीय प्रमाण-पत्र।
4	टर्नर	18	5200-20200	1900	सीधी भर्ती द्वारा। अर्हता-1. हाईस्कूल/समकक्ष 2. टर्नर ट्रेड में आई0टी0आई0 का दो वर्षीय प्रमाण-पत्र।
5	मीटर मैकेनिक	40	5200-20200	1900	सीधी भर्ती द्वारा। अर्हता-1. हाईस्कूल/समकक्ष 2. इन्सट्रूमेन्ट मैकेनिक ट्रेड में आई0टी0आई0 का दो वर्षीय प्रमाण-पत्र।
6.	मोल्डर	05	5200-20200	1900	सीधी भर्ती द्वारा। अर्हता-1. हाईस्कूल/समकक्ष 2. फाउन्ड्रीमैन ट्रेड में आई0टी0आई0 का एक वर्षीय प्रमाण-पत्र।
7	जूनियर फिटर	144	5200-20200	1900	सीधी भर्ती द्वारा। अर्हता-1. हाईस्कूल /समकक्ष 2. फिटर ट्रेड में आई0टी0आई0 का दो वर्षीय प्रमाण-पत्र। यह वेतन बैण्ड एवं ग्रेड वेतन उन्हीं पदधारकों को अनुमन्य होगा जो फिटर ट्रेड का

http://shasanadesh.up.nic.in

					आई0टी0आई0 प्रमाण-पत्र रखते हो।
8	फिटर	267	5200-20200	2400	50 प्रतिशत सीधी भर्ती द्वारा। अर्हता-1. हाईस्कूल/समकक्ष 2. फिटर ट्रेड में आई0टी0आई0 का दो वर्षीय प्रमाण-पत्र। 50 प्रतिशत 05 वर्ष की सेवा वाले जूनियर फिटर के पदों से पदोन्नति द्वारा।
9	मेशन/राज मिस्त्री	27	5200-20200	1900	सीधी भर्ती द्वारा। अर्हता-1. हाईस्कूल/समकक्ष 2. कान्सट्रक्शन एण्ड वुड वर्किंग ट्रेड में आई0टी0आई0 का दो वर्षीय प्रमाण-पत्र।

(श्रीप्रकाश सिंह)
विशेष सचिव

http://shasanadesh.up.nic.in